भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 2859
गुरूवार, 19 दिसम्बर, 2024/28 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

प्रसाद योजना

2859 श्रीमती किरण चौधरी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रसाद योजना के तहत हरियाणा में कितनी धनराशि आवंटित और उपयोग की गई है;

(ख) इस योजना के तहत विकसित स्थलों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस योजना के परिणामस्वरूप हरियाणा में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): पर्यटन मंत्रालय, तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) के तहत चिह्नित तीर्थस्थलों और विरासत गंतव्यों पर पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

प्रशाद योजना के तहत, मंत्रालय ने 48.53 करोड़ रुपये की लागत से "हरियाणा के पंचकुला जिले में नाडा साहिब गुरुद्वारा और माता मनसा देवी मंदिर का विकास" नामक एक परियोजना को मंजूरी दी है। अब तक इस परियोजना के लिए 34.68 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है, जिसका पूर्ण उपयोग किया गया है।

(ख): “हरियाणा के पंचकुला जिले में नाडा साहिब गुरुद्वारा और माता मनसा देवी मंदिर का विकास” परियोजना में दो स्थलों नामत: नाडा साहिब गुरुद्वारा और माता मनसा देवी मंदिर का विकास शामिल है। नाडा साहिब गुरुद्वारा, पंचकुला में विकसित घटकों में गुरुद्वारा क्षेत्र विकास, भूतल पार्किंग विकास, मल्टी-लेवल कार पार्किंग और एकीकृत क्षेत्र विकास शामिल हैं। माता मनसा देवी मंदिर, पंचकुला में विकसित घटकों में मंदिर क्षेत्र विकास, मल्टी-लेवल कार पार्किंग सहित पार्किंग क्षेत्र विकास और एकीकृत क्षेत्र का विकास शामिल हैं।

(ग) और (घ): हरियाणा राज्य सरकार ने सूचित किया है कि उसने पर्यटकों की संख्या में वृद्धि का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन नहीं किया है।

******